दिनांक 1 फरवरी 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

ई गवर्नेंस परियोजना के अंतर्गत निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को निगम सभागार में दिया गया प्रशिक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज ई गवर्नेंस परियोजना को लेकर निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए नोडल अधिकारी को निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में आज सुडा द्वारा निर्धारित एजेंसी एबीएम नॉलेजवेयर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि राहुल हलदर व दीपक के द्वारा ई गवर्नेंस परियोजना का प्रशिक्षण अधिकारियों को दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने में नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त नरेंद्र बंजारे, जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, येशा लहरे, अमिताभ शर्मा, पूजा पिल्ले, खिरोद्र भोई निगम के कार्यपालन अभियंता , विभाग प्रमुख, अधिकारी/कर्मचारी एवं उप अभियंता तथा निगम के अधिकारी दीप्ति साहू एवं तपन अग्रवाल आदि मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान संदेह को भी दूर किया गया। ई गवर्नेंस परियोजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के मॉड्यूल जैसे कार्य प्रबंधन प्रणाली , लेखा प्रबंधन, सूचना का अधिकार , परिसंपत्ति, पेरोल व पेंशन , डेशबोर्ड माड्यूलो के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया , प्रशिक्षण के दौरान आई हुई तकनीकी समस्याओं को भी समझाया गया और समस्यायों को दूर किया गया। प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ हुआ प्रशिक्षण 4:00 बजे तक विभिन्न विभागों के क्रमानुसार आयोजित हुआ। जिसमें ई गवर्नेंस परियोजना से संबंधित संपूर्ण जानकारी अधिकारी/कर्मचारियों को प्रदान की गई।